# हिंदी कार्यशाला Hindi Workshop 08.06.2026

भा.कृ.अनु.प.-भारतीय मसाला फसल अनुसंधान संस्थान, कोषिक्कोड में 08 जून 2026 को एक हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई। डॉ. अनीस के., प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रभारी हिंदी अधिकारी ने सबका स्वागत किया। श्री. अनिल कुमार के., मुख्य प्रबंधक (रा.भा.), भारतीय स्टैट बैंक एवं सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, कोषिक्कोड मुख्य अतिथि थे। उनके द्वारा संस्थान के तिमाही राजभाषा पुरस्कार श्रीमती बीना सी. के., निजी सचिव को दिया गया। फिर कार्यशाला में उन्होंने **"ई-टूल्स के माध्यम से राजभाषा कार्यान्वयन"** विषय पर व्याख्यान किया। इसमें उन्होंने स्लाइड प्रदर्शन के दावारा राजभाषा नीति एवं नियम से लेकर तकनीकी सहायता से कार्यालय में हिंदी में सुगम एवं आसान तरीके से काम करने के लिए आवश्यक सभी बिंदुओं पर विस्तृत ढ़ंग से व्याख्यान किया। अंत में प्रतिभागियों को चार दलों में बांटकर एक प्रश्नोत्तरी के सहारे सभी बिंदुओं को एक बार फिर याद दिलाया। कार्यक्रम में मुख्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अलावा आईसीएआर-आईआईएसआर प्रायोगिक प्रक्षेत्र, पेरुवण्णामुषि, कृषि विज्ञान केंद्र तथा क्षेत्रीय केंद्र, अप्पंगला के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी ऑनलाइन मोड में भाग लिया। कार्यशाला बहुत रोचक एवं ज्ञानवर्धक थी। श्रीमती एन. प्रसन्नकुमारी, मुख्य तकनीकी अधिकारी के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला समाप्त हुई।

A Hindi Workshop was organized at ICAR-Indian Institute of Spices Research, Kozhikode on 08$^{th}$ June, 2026. Dr. Anees K. Principal Scientist and Officer in Charge Hindi welcomed the gathering. Mr. Anil Kumar K., Chief Manager (OL), State Bank of India and Secretary, TOLIC, Kozhikode Was the Chief Guest. The quarterly official language award was given to Smt. Beena C. K., Private Secretary by the chief guest. After that he has delivered a lecture on **"Official Language Implementation through e-Tools"**. In the workshop, he gave a detailed lecture through the slide presentation on all aspects necessary to work in Hindi smoothly in the office, from official language policy and rules to technical support. At last he divided the participants in to four groups and conducted a quiz programme for reminding all the points once again. Apart from the officers/employees of Headquarters, officers/employees of ICAR-IISR Experimental Farm, Peruvannamuzhi, Krishi Vigyan Kendra and Regional Station, Appangala also attended in the programme through online mode. The workshop was very interesting and informative. The workshop ended with a vote of thanks by Smt. N. Prasannakumari, Chief Technical Officer.


ICAR-INDIAN INSTITUTE OF SPICES RESEARCH






CAR-INDIAN INSTITUTE OF SPICES RESEARCH
कोषिक्कोड, केरल, भारत
KOZHIKODE, KERALA, INDIA

